# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

## WEB-NOTICE – 06/2026

ज्ञापांक : JAC/Gop./6059/25-Secy/46/2026 दिनांक : 22.01.2026

## कक्षा 08 की बोर्ड परीक्षा, 2026 से संबंधित आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या 53/2025 के द्वारा कक्षा आठ की बोर्ड परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन स्वीकार करने की तिथि दिनांक 16.01.2026 तक निर्धारित थी। अन्तिम तिथि के उपरान्त पोर्टल बन्द कर परीक्षा आयोजन की आवश्यक तैयारियाँ प्रारम्भ की जा चुकी है। कतिपय शिक्षक संघों, विद्यालय प्रधानों, छात्रों एवं उनके अभिभावकों द्वारा विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए ससमय परीक्षा आवेदन प्रपत्र नहीं जमा करने की जानकारी देते हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने का अनुरोध किया जा रहा है। ध्यातब्य हो कि विज्ञप्ति संख्या 04/2026 के माध्यम से परीक्षा की तिथि दिनांक 24.02.2026 निर्धारित है। परीक्षा आयोजन एवं ससमय परीक्षाफल प्रकाशन के मद्देनजर अल्पावधि के कारण इस परीक्षा के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने में कठिनाई हो रही है। इस संबंध में अंकित करना है कि परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने से छूटे हुए छात्रों के लिए परिषद् द्वारा इस परीक्षा के परीक्षाफल के उपरान्त शीघ्र ही विशेष परीक्षा, 2026 का आयोजन किया जाएगा।

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या 53/2025 के क्रम में कक्षा 08 से संबंधित सभी परीक्षार्थियों, उनके अभिभावकों, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि कक्षा 08 की बोर्ड परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने से छूटे हुए छात्रों का परीक्षा आवेदन प्रपत्र कक्षा 08 की विशेष परीक्षा, 2026 के लिए भराये जाने वाले परीक्षा आवेदन प्रपत्र के साथ स्वीकार किया जायेगा। ऐसे छात्रों एवं उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि छात्र बिना किसी असमंजस के अपनी पढ़ाई निरन्तर जारी रखेंगे। परिषद् द्वारा उक्त सभी छात्रों का भी परीक्षा आवेदन प्रपत्र विशेष परीक्षा के साथ स्वीकार किया जाएगा।

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/–

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

ज्ञापांक : JAC/Gop./6059/25-Secy/46/2026 / राँची, दिनांक : 22.01.2026

प्रतिलिपि : S.I.O. (वरीय सूचना प्रौद्योगिकी पदाधिकारी), झारखण्ड अधिविद्य परिषद् को इस आशय के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित कि उपरोक्त वेब नोटिस को परिषद् के वेबसाइट पर अपलोड करते हुए तद्नुसार आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।